Total number of printed pages–11

14 (HIN–1) 1036

**2021**

**( Held in 2022 )**

# HINDI

Paper : HIN–1036

( New Syllabus & Old Syllabus )

***( Hindī kā Upanyās Sāhitya )***

*( हिन्दी का उपन्यास साहित्य )*

*Full Marks : 64*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

**New Syllabus**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करते हुए पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'दिल कड़ा करो। गो-दान करा दो।'— यह किसने कहा ?

*(i)* धनिया

*(ii)* झुनिया

*Contd.*

(iii) हीरा

(iv) गोबर

(ख) इनमें से कौन-सी रचना प्रेमचंद की नहीं है ?

(i) रंगभूमि

(ii) प्रतिज्ञा

(iii) सेवासदन

(iv) गोशाला

(ग) निम्नलिखित उपन्यास की कौन-सी परिभाषा प्रेमचंद की है ?

(i) कल्पित और लम्बी कहानी जो अनेक पात्रों एवं घटनाओं से युक्त हो।

(ii) उपन्यास मनुष्य के वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा है।

(iii) मैं उपन्यास को मानव-जीवन का चित्रमात्र समझता हूँ। मानव-चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्त्व है।

(iv) उपन्यास का जिक्र अक्सर राष्ट्र के कल्पनाशील इतिहास या किसी पीढ़ी के मूल्यों को व्यक्त करनेवाले गद्य-महाकाव्य के रूप में किया जाता है।



(घ) इनमें से उपन्यास का तत्त्व नहीं है—

(i) कथोपकथन

(ii) रंगमंचीयता

(iii) देश-काल व वातावरण

(iv) उद्देश्य

(ङ) 'शेखर कोई बड़ा नहीं है, वह अच्छा भी आदमी नहीं है ? — यह कथन किसका है ?

(i) नामवर सिंह

(ii) रामविलास शर्मा

(iii) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

(iv) अज्ञेय

(च) ईश्वरदत्त किस उपन्यास का पात्र है ?

(i) शेखर ; एक जीवनी

(ii) गोदान

(iii) मैला आँचल

(iv) मानस का हंस

(छ) 'कथा की सारी अच्छाइयों और बुराइयों के साथ साहित्य की दहलीज पर आ खड़ा हुआ हूँ; पता नहीं अच्छा किया या बुरा।' —यह कथन किसका है ?

*(i)* अमृतलाल नागर

*(ii)* फणीश्वरनाथ 'रेणु'

*(iii)* प्रेमचंद

*(iv)* अज्ञेय

(ज) 'मैला आँचल' का प्रकाशन वर्ष है —

*(i)* 1950 ई.

*(ii)* 1954 ई.

*(iii)* 1958 ई.

*(iv)* 1960 ई.

(झ) 'मानस के हंस' का प्रकाशन वर्ष है —

*(i)* 1970 ई.

*(ii)* 1972 ई.

*(iii)* 1975 ई.

*(iv)* 1977 ई.



(ञ) इनमें से कौन-सा उपन्यास अमृतलाल नागर का है ?

*(i)* अमृत और विष

*(ii)* अपने-अपने अजनबी

*(iii)* राग दरबारी

*(iv)* साक्षी है पीपल

2. निम्नलिखित प्रश्नों से अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) गोबर के चरित्र की *किन्हीं* दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) गोदान में मालती को 'तितली' क्यों कहा गया है ?

(ग) 'महंथ रामदास जी समझ गये हैं कि यदि इज़्ज़त के साथ बैठकर दूध-मलाई भोग करना हो तो लछमी को जरा भी अप्रसन्न नहीं किया जाए।'—ऐसा क्यों कहा गया है ?

(घ) उपन्यास और कहानी में क्या अन्तर है ?

(ङ) जाट-जट्टिन का आयोजन क्यों किया जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(च) रामू का परिचय दीजिए।

(छ) 'मानस का हंस' उपन्यास का उद्देश्य क्या है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) 'गोदान' की महाजनी सभ्यता पर प्रकाश डालिए।

(ख) बालक शेखर की चारित्रिक विशेषताओं पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) 'मैला आँचल' में प्रशांत की भूमिका की समीक्षा कीजिए।

(घ) नवयुवक तुलसी और काशी की वेश्या के प्रेम-प्रसंग पर प्रकाश डालिए।

4. *किसी एक* अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 10×1=10

(क) किसान पक्का स्वार्थी होता है, इसमें संदेह नहीं है। उसकी गांठ से रिश्वत के पैसे बड़ी मुश्किल से निकलते हैं, भाव-ताव में भी वह चौकस होता है ब्याज की एक-एक पाई छुड़ाने के लिए वह महाजन की घण्टों चिरौरी करता है, जब तक पक्का विश्वास न हो जाय, वह किसी के फुसलाने में नहीं आता, लेकिन उसका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति से स्थायी सहयोग है।



(ख) जिन्हें दु:ख है, दर्द है, वे सदा मृत्यु माँगते रहते हैं। उसके लिए प्रार्थी होते हैं, लेकिन उनके लिए मृत्यु बड़ी भयंकर चीज होती है, वे उसके विचार से ही काँपते हैं। लेकिन मुझे लगता है, मृत्यु एक आपरेशन है, जैसे दाँत उखड़वा देना। कुरसी पर बैठना पड़ता है, डाक्टर एक झटका देता है, एक तीखा दर्द होता है, और फिर शांति मिलती है, छुटकारा हो जाता है। मृत्यु भी वैसी ही है...।

5. *किन्हीं दो* प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) " 'गोदान' कृषक जीवन का महाकाव्य है।"—स्पष्ट कीजिए।

(ख) कथ्य की दृष्टि से 'शेखर : एक जीवनी' की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'इसमें फूल भी हैं शूल भी, धूल भी है, गुलाब भी, कीचड़ भी है, चंदन भी ; सुंदरता भी है, कुरूपता भी — मैं किसी से दामन बचाकर निकल नहीं पाया।' —'मैला आँचल' के संदर्भ में रेणु की इस उक्ति की पुष्टि कीजिए।

(घ) जीवनीमूलक उपन्यास के रूप में 'मानस का हंस' की समीक्षा कीजिए।

## Old Syllabus

1. निम्नलिखित अवतरणों में से ***किन्हीं दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) किसान पक्का स्वार्थी होता है, इसमें संदेह नहीं है। उसकी गांठ से रिश्वत के पैसे बड़ी मुश्किल से निकलते है, भाव-ताव में भी वह चौकस होता है, ब्याज की एक-एक पाई छुड़ाने के लिए वह महाजन की घण्टों चिरौरी करता है, जब तक पक्का विश्वास न हो जाय, वह किसी के फुसलाने में नहीं आता, लेकित उसका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति से स्थायी सहयोग है।

(ख) जिन्हें दुःख है, दर्द है, वे सदा मृत्यु माँगते रहते हैं। उसके लिए प्रार्थी होते हैं, लेकिन उनके लिए मृत्यु बड़ी भयंकर चीज होती है, वे उसके विचार से ही काँपते हैं। लेकिन मुझे लगता है, मृत्यु एक आपरेशन है, जैसे दाँत उखड़वा देना। कुर्सी पर बैठना पड़ता है, डाक्टर एक झटका देता है, एक तीखा दर्द होता है, और फिर शांति मिलती है, छुटकारा हो जाता है। मृत्यु भी ऐसी ही है ....।



(ग) यहाँ की मिट्टी में बिखरे, लाख-लाख इंसानों की जिंदगी के सुनहरे सपनों को बटोरकर, अधूरे अरमानों का बटोरकर, यहाँ के प्राणी के जीवकोष में भर देने की कल्पना मैंने की थी। मैंने कल्पना की थी, हजारों स्वस्थ इंसान हिमालय की कंदराओं में, त्रिवेणी के संगम पर, अरुण, तिमुर और सुणकोशी के संगम पर एक विशाल डैम बनाने के लिए पर्वततोड़ परिश्रम कर रहे हैं।

(घ) प्रेम नामक भावना कोई रहस्यमय, आध्यात्मिक या सर्वथा वैयक्तिक भावना न होकर वास्तव में एक सर्वथा मानवीय सामाजिक भावना है, अतः समाज-व्यवस्था से अनुशासित होती है और उसकी नींव आर्थिक संगठन और वर्ग-संबंध पर स्थापित है।

2. ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3=36

(क) " 'गोदान' कृषक जीवन का महाकाव्य है।" —स्पष्ट कीजिए।

(ख) होरी की चारित्रिक विशेशताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) कथ्य की दृष्टि से 'शेखर: एक जीवनी' की समीक्षा कीजिए।

(घ) ''इसमें फूल भी हैं शूल भी, धूल भी है, गुलाब भी, कीचड़ भी है, चंदन भी ; सुंदरता भी है, कुरूपता भी— मैं किसी से दामन बचाकर निकल नहीं पाया।'' —'मैला आँचल' के सदर्भ में रेणु की इस उक्ति की पुष्टि कीजिए।

(ङ) 'मैला आँचल' में चित्रित राजनीतिक परिवेश की समीक्षा कीजिए।

(च) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' की 'काले बेंट का चाकू' कहानी की समीक्षा कीजिए।

3. ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×3=12

(क) '' वैवाहिक जीवन के प्रभात में लालसा आपनी गुलाबी मादकता के साथ उदय होती है और हृदय के सारे आकाश को अपने माधुर्य की सुनहरी किरणों से रंजित कर देती है।''—सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'गोदान' में चित्रित महाजनी सभ्यता पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) बालक शेखर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।



(घ) ''मेला आँचल'' उपन्यास में डाक्टर प्रशांत की भूमिका की समीक्षा कीजिए।

(ङ) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' की समीक्षा कीजिए।